दिनांक: 08 दिसम्बर, 2022

गल्फूड 2023, दुबई, यूएई में दिनांक 20 से 24 फरवरी, 2023 को एपीडा की भागीदारी

प्रिय निर्यातक,

जैसा कि आपको अवगत है कि **गल्फूड** एक अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मेला है जिसे मध्य पूर्व क्षेत्र में सबसे बड़े एवं विशिष्ट मेले में से एक माना जाता है। यह अखिल विश्व के कृषि उत्पादों के आयातकों एवं निर्यातकों के बीच काफी लोकप्रिय है। यह महत्वपूर्ण व्यापार कार्यक्रम विविध राष्ट्रीयताओं के प्रतिभागियों के अंतर्गुट को आकर्षित करता है। विश्व के लगभग हर देश के प्रदर्शक एवं आगंतुक सीमा पार व्यापार करने तथा व्यापार क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय संपर्क स्थापित करने के लिए यहां सम्मिलित होते हैं।

एपीडा कार्यक्रम के महत्व को ध्यान में रखते हुए कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए भारत के प्रमुख निर्यातकों के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष होने के नाते इसके अंतर्गत बाजरा और इसके मूल्य वर्धित उत्पादों पर ध्यान दिया जाएगा। गल्फूड दिनांक 20 से 24 फरवरी 2023 तक वर्ल्ड ट्रेड सेंटर , दुबई, यूएई में आयोजित किया जाएगा। एपीडा ने विभिन्न खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारतीय पवेलियन के डिजाइन और विकास के लिए 594 वर्ग मीटर क्षेत्र बुक किया है।

भारतीय पवेलियन में 9 वर्ग मीटर के करीब 50 स्टॉल होंगे। एपीडा भारतीय पवेलियन के अंतर्गत गल्फूड 2023 में भाग लेने के लिए पंजीकृत सदस्य निर्यातकों से आवेदन आमंत्रित करता है।

स्टॉल के सहभागियों का योगदान इस प्रकार है:-

1. एक 9 वर्ग मीटर निर्माण-कार्य और सुसज्जित स्टॉल 6,50,000/- रुपये
2. कॉर्नर स्टॉल के लिए अतिरिक्त 10%
3. स्टार्ट-अप, एससी/एसटी एवं महिला उद्यमों को 20% की छूट दी जाएगी।

एपीडा के साथ पहली बार भाग लेने वाले सहभागियों को वरीयता दी जाएगी जो कि IYoM 2023 को ध्यान में रखते हुए बाजरा और मूल्य वर्धित उत्पाद के निर्यात को दी जा सकती है।

एपीडा पंजीकृत सदस्य निर्यातक भागीदारी के लिए भुगतान के साथ निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन भेजें। कार्यक्रम में भाग लेने के अनुरोध पर दिनांक 23/12/2022 को शाम 5:00 बजे तक विचार किया जाएगा। यदि आवेदक स्टॉल की उपलब्धता से अधिक हैं तो आबंटन सभी प्रकार से पूर्ण आवेदनों की जांच करने के बाद और इस आयोजन के लिए पात्र उत्पादों के अनुसार ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा।

भागीदारी योगदान के लिए किए गए भुगतान के प्रमाण के साथ निर्धारित आवेदन प्रपत्र के माध्यम से भाग लेने का अनुरोध ईमेल के माध्यम से श्री मान प्रकाश विजय, उप महाप्रबंधक, एपीडा, संपर्क नंबर: 9654360533, ईमेल: mpviiav@apeda.gov.in पर भेजा जा सकता है।

धन्यवाद,

भवदीय,

(डॉ. तरुण बजाज)
निदेशक

आवेदन प्रपत्र संलग्न किया गया है।
आवेदन प्रपत्र निम्नलिखित लिंक के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना भी अपेक्षित है:
https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSd5IEn51ZhYy6PYAm7LnIBKnmIxRJjclmDMDMudei8X7GoCmw/viewform?usp=sf_link

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद
निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा)

एपीडा, तीसरी मंजिल, एनबिल्डिंग .आई.यू.सी., 3 सीरी सांस्थानिक क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग,
(खेल गांव के सामने(नई दिल्ली – 110016, फोन-011-26513204/26513219/2651

<u>भागीदारी के लिए आवेदन प्रपत्र</u>

मेला/प्रदर्शनी का नाम	**गल्फूड 2023** **वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, दुबई, यूएई**
मेला/प्रदर्शनी की तिथि	20 से 24 फरवरी, 2023 तक
एपीडा पंजीकरण (आरसीएमसी) संख्या	
कंपनी का नाम	
पूरा पता : शहर : राज्य : दूरभाष : ईमेल : मोबाइल नं. : वेबसाइट (यदि कोई हो):	
प्रमुख कार्यपालक का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नं.	
निर्यातक का प्रकार: विनिर्माता / व्यापारी	
उत्पाद श्रेणी	
उत्पाद विवरण	
वर्ष 2021-22 में कंपनी का निर्यात टर्नओवर	रुपये में
संगठन की गतिविधियाँ	

<u>भुगतान विवरण</u>

भारतीय रुपये में निम्नलिखित बैंक खाते में ऑनलाइन मोड के माध्यम से भुगतान किया सकता है:

1. बैंक का नाम: भारतीय स्टेट बैंक
2. बैंक खाता सं .: 57022180304
3. आईएफएससी कोड: SBIN0007407
4. राशि रुपये में: -------------------------------

भुगतान विवरण के साथ भरा हुआ आवेदन प्रपत्र दिनांक 30/12/2022 को शाम 5:00 बजे तक एपीडा , नई दिल्ली को भेजा जा सकता है।

मोबाइल ____________________________ ई-मेल_____________________________________

दिनांक: ______/ /__________________आवेदक के हस्ताक्षर और मोहर : ____________________________________